प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला

13.09.2024 / प्रादेशिक समाचार / 09:20बजे

पैरालंपिक

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पेरिस पैरालंपिक से लौटे भारतीय दल से कल अपने आवास पर मुलाकात की। इस बार भारतीय एथलीटों ने टोक्यो के रिकॉर्ड प्रदर्शन को पीछे छोड़ते हुए वैश्विक मंच पर अपनी छाप छोड़ी और पैरालंपिक में देश के लिए अब तक के सर्वाधिक पदक जीतकर इतिहास रचा। भारत ने 7 स्वर्ण, 9 रजत और 13 कांस्य पदक के साथ कुल 29 पदकों के साथ पदक तालिका में 18वां स्थान हासिल किया।

प्रतियोगिता

भाषा व संस्कृति विभाग द्वारा राजभाषा पखवाड़ा के अन्तर्गत प्रदेश भर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में कल शिमला के एतिहासिक गेयटी थियेटर में राज्य स्तरीय अन्तर विद्यालयीय भाषण, निबंध–लेखन और प्रश्नोतरी प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। विभाग की उप निदेशक कुसुम संघाईक ने बताया कि हिंदी भाषा को लेकर युवाओं के सहयोग से सम्मानजक वातावरण स्थापित करने और राष्ट्रभाषा के गौरव से युवाओं को परिचित करवाने के लिए विभाग द्वारा हर वर्ष ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में आज महाविद्यालय और विश्वविद्यालय की राज्य स्तरीय प्रतियोगिताएं होंगी।

शिविर

जाइका समर्थित फसल विविधीकरण प्रोत्साहन परियोजना चरण–2 के तहत कृषि विज्ञान केंद्र, काँगड़ा में कल एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जिला काँगड़ा की 15 उप–परियोजनाओं से 50 किसानों ने भाग लिया। प्रशिक्षण का उद्देश्य कृषक विकास संघों की प्रबंधन समिति के सदस्यों को उनकी भूमिका और जिम्मेदारियों से अवगत कराना था। इस दौरान विषय विशेषज्ञों ने किसानों को लघु कृषक, बागवानी सशक्तिकरण, संवर्धन, उत्पादन, प्रबंधन और मूल्य प्राप्ति कार्यक्रम और जाइका सब्जी उद्यानों के बारे में भी जानकारी सांझा की।

प्रशिक्षण

जनजातीय जिला किन्नौर की कल्पा पंचायत स्थित कृषि विज्ञान केंद्र में उद्यान विभाग के सहयोग से सेब दिवस के साथ प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अनुसंधान केंद्र कल्पा व शारबो फॉर्म में उगाई जा रही 35 सेब की उन्नत किस्मों व सब्जियों की प्रदर्शनी लगाई गई। इस अवसर पर किन्नौर जिला में उद्यान विभाग के उपनिदेशक भूपेंद्र नेगी ने राज्य सरकार द्वारा बागवानों के लिए चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं व कार्यक्रमों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की।

मौसम

राजधानी शिमला सहित राज्य के अधिकांश स्थानों पर आज हल्की बारिश हो रही है। जनजातीय जिला किन्नौर के ऊपरी क्षेत्रों में बीती रात से हल्की बर्फबारी जारी है। नरदुम पहाड़ी पर अब तक लगभग 2 इंच तक बर्फबारी हुई है। मौसम के इन तेवरों से राज्य के पर्वतीय क्षेत्रों में हल्की ठंड महसूस की जा रही है। मौसम विभाग ने आज राज्य में भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। वहीं अगले 24 घंटों के दौरान कुल्लू, शिमला, किन्नौर और सिरमौर जिलों में बाढ़ आने की चेतावनी जारी की है। इसे देखते हुए लोगों को एहतियात बरतने की सलाह दी गई है। राज्य में आगामी 18 सितंबर तक मौसम के खराब रहने के आसार हैं।

सुर्खियां समाचार पत्रों से........

आज अधिकतर समाचार पत्रों ने संजौली मस्जिद विवाद से जुड़ी खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

अमर उजाला की सुर्खी है—मुस्लिम पक्ष अवैध निर्माण गिराने को तैयार, आयुक्त को पत्र सौंपा। पंजाब केसरी के शब्द हैं—अवैध हिस्से को तोड़ने व सील करने को तैयार हुई कमेटी। दिव्य हिमाचल का शीर्षक है—मुस्लिम समुदाय अवैध निर्माण गिराने को तैयार। दैनिक जागरण का कहना है—हिंदू संगठनों के मुखर विरोध पर पीछे हटा वक्फ बोर्ड। दैनिक भास्कर लिखता है—मस्जिद कमेटी बोली—कोर्ट अगर इजाजत देता है तो हम खुद अवैध मंजिलें गिरा देंगे। हिमाचल दस्तक ने शीर्ष दिया है—अवैध हिस्सा स्वयं तोड़ने के लिए मुस्लिम पक्ष तैयार। आपका फैसला की सुर्खी है—मस्जिद मामले पर दो मंत्रियों ने पूर्व भाजपा सरकार पर लगाया आरोप। दैनिक सवेरा टाइम्स के मुताबिक—अवैध मस्जिद मामले में काबिना मंत्रियों के निशाने पर भाजपा।

दिव्य हिमाचल ने खबर दी है—बीबीएमबी से मिलेगी 1 हजार 300 करोड़ यूनिट बिजली—अटॉर्नी जनरल ने राज्य के हित में रखा पक्ष, अब 23 अक्तूबर को सुनवाई।

हिमाचल ने राज्यों के लिए बजाई खतरे की घंटी शीर्षक से दैनिक जागरण ने लिखा है—मुफ्त की रेवड़ी के चलते कई अन्य राज्यों की आर्थिक स्थिति भी बदहाल, फिक्स्ड खर्च घटाने व आमदनी बढ़ाने की जरूरत।

अमर उजाला और पंजाब केसरी की एक जैसी सुर्खी है—सेवानिवृत आईएफएस अधिकारी राजीव कुमार बने राज्य चयन आयोग के अध्यक्ष।